# वित्तीय सहायता कार्यक्रम (FAP) नीति का विवरण

Wellstar हेल्थ सिस्टम (Wellstar) का उद्देश्य ऐसी उच्च गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवाओं का सृजन और उन्हें प्रदान करना है जिससे हमारी सेवा प्राप्त करने वाले लोगों के जीवन और स्वास्थ्य में सुधार हो. Wellstar का दृष्टिकोण विश्व-स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है. Wellstar के अस्पताल ऐसे रोगियों की वित्तीय बाधाओं को दूर करने के लिए हैं, जिनके पास अस्पताल में प्रदान की जानेवाली आवश्यक वैद्यक सहायता सेवा के लिए आवश्यक या अस्पताल से बाहर की सुविधाओं के भुगतान के लिए सीमित वित्तीय सहायता माध्यम होते हैं, उनके लिए Wellstar द्वारा अपनी वित्तीय सहायता कार्यक्रम (FAP) नीति तहत पात्र रोगियों को विभिन्न स्तर की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है.  पॉलिसी में केवल योग्य अस्पताल सेवाओं को शामिल किया जाता है और हो सकता है कि पहले से ही क्रियान्वित और बिल में दर्ज सेवाओं को शामिल किया जाए.

**FAP के लिए किस प्रकार अधिकृत हों**

**चरण 1: निर्धारित करें कि क्या परिवार की आय फ़ेडरल गरीबी स्तर (FPL) और FAP प्रोग्राम के दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत है.**

Wellstar द्वारा बिना बीमा वाले व्यक्तियों को न्यूनतम चैरिटेबल भत्ता (MCA) प्रदान किया जाता है, जो आवश्यक चिकित्सा सेवाओं के खर्चों और फ़ेडरल द्वारा परिभाषित "आमतौर पर बिल की जाने वाली राशि(AGB)" के फर्क के बराबर होता है.

इसके अलावा वित्तीय सहायता के स्तरों का निर्धारण FPL और FAP नीति के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है.  FPL द्वारा फ़ेडरल के अनुसार परिभाषित सकल आय (करों से पहले) की न्यूनतम राशि वह राशि है जिसकी आवश्यकता किसी व्यक्ति या परिवार को भोजन, कपड़े, परिवहन, निवास और अन्य आवश्यकताओं के लिए होती है. Wellstar द्वारा 125 प्रतिशत FPL या अपनी परिभाषा के अनुसार इससे नीचे आने वाले व्यक्तियों और परिवारों पर विचार किया जाता है, सीमित (limited) शब्द का तात्पर्य स्वास्थ्य के लिए आवश्यक अस्पताल की सेवाओं के भुगतान से है और इसके परिणाम स्वरूप इन व्यक्तियों को MCA से ऊपर अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, इस से उन्हें 100% निःशुल्क अस्पताल चिकित्सा प्रदान की जाएगी. FPL के 126 और 200 प्रतिशत के बीच आने वाले व्यक्तियों और परिवारों के लिए Wellstar द्वारा अतिरिक्त वित्तीय सहायता फ़ेडरल के अनुसार परिभाषित AGB के 97% तक प्रदान की जाती है.  FPL के 201 और अधिकतम 300 प्रतिशत के बीच आने वाले व्यक्तियों और परिवारों के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जा सकती है, यदि उनके परिवार के आश्रित का आय स्तर और वे "अर्हक संपत्तियाँ" परीक्षण से मेल खाते हों.

नीचे पहले स्तंभ में परिवार का आकार FAP तालिका में दिया गया है- अकेले रहने वाले व्यक्ति से लेकर साथी की संख्या, अभिभावक और एक ही घर में रहने वाले उनके 21 वर्ष से कम के बच्चे. इस संख्या में कानूनी अभिभावक के साथ रहने वाले नाबालिग बच्चे शामिल हैं. इसके बाद उस रेखा पर सूचीबद्ध घर की आय श्रेणी का मिलान करें ताकि FAP श्रेणी का निर्धारण हो सके. ऐसे रोगी जो आय के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत FAP के लिए पात्रता नहीं रखते हैं, वे भी वित्तीय सहायता प्राप्त करने में समर्थ हो सकते हैं, यदि आवश्यक चिकित्सा व्ययों ने परिवार की आय और संसाधनों (आर्थिक रूप से चिकित्सा में असमर्थ) को कमज़ोर किया हो. साथ ही, यदि स्वास्थ्य खर्च की लागत में सहायता के लिए सरकारी सहायता या अन्य सामुदायिक लाभ के माध्यम से वित्तीय सहायता या बीमा जैसे स्त्रोत उपलब्ध हों तो, Wellstar या कोई तृतीय पक्ष द्वारा रोगी की मदद की जाएगी.

**Wellstar FAP के लिए रोगी मार्गदर्शक- FPL 300% तक की परिवार की आय**

| परिवार का आकार | 125% या कम<br>श्रेणी 1 | 126% -200%<br>श्रेणी 2 | 201% -250%<br>श्रेणी 3 | 251% -300%<br>श्रेणी 4 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | $0 - $19,563 | $19,564 - $31,300 | $31,301 - $39,125 | $39,126 - $46,950 |
| 2 | $0 - $26,438 | $26,439 - $42,300 | $42,301 - $52,875 | $52,876 - $63,450 |
| 3 | $0 - $33,313 | $33,314- $53,300 | $53,301- $66,625 | $66,626 - $79,950 |
| 4 | $0 - $40,188 | $40,189 - $64,300 | $64,301 - $80,375 | $80,376 - $96,450 |
| 5 | $0 - $47,063 | $47,064 - $75,300 | $75,301 - $94,125 | $94,126 - $112,950 |
| 6 | $0 - $53,938 | $53,939- $86,300 | $86,301 - $107,87 | $107,876 - $129,450 |
| 7 | $0 - $60,813 | $60,814 - $97,300 | $97,301 - $121,625 | $121,626 - $145,950 |
| 8 | $0 - $67,688 | $67,689 - $108,300 | $108,301 - $135,375 | $135,376 - $162,450 |
| * | $6875 | $11000 | $13750 | $16500 |

**आठ से अधिक सदस्यों वाले परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए इसमें छूट हेतु वेतन सीमा क्वालिफ़ायर में वृद्धि की जाती है.*

**<u>चरण 2</u>: सहायक वित्तीय दस्तावेज़ के साथ Wellstar FAP आवेदन को पूरा करें.**

FAP के अंतर्गत विचार किए जाने के लिए बिना बीमा या बीमित रोगियों द्वारा आवेदन को अनिवार्य रूप से पूरा किया जाना चाहिए और बीमा के किसी भी स्त्रोत और/या आवश्यक प्रमाण की आवश्यकता हेतु भुगतान के माध्यम को स्पष्ट करना चाहिए. एक पूर्ण FAP आवेदन में सभी आवश्यक सहायक दस्तावेज़ जैसे बैंक विवरण, टैक्स रिटर्न और पूर्ण वित्तीय सहायता (निर्धनता स्वास्थ्य देखरेख) या आंशिक वित्तीय सहायता (चैरिटी स्वास्थ्य देखरेख) की पात्रता के निर्धारण के लिए अन्य आय सत्यापन जानकारी शामिल होती है. आवेदन http://www.wellstar.org पर ऑनलाइन और अस्पताल में अनुरोध करने पर तथा अस्पताल के बाह्य रोगी

सुविधा पंजीयन और/या डिस्चार्ज क्षेत्रों में उपलब्ध हैं. सेवा की तिथि या प्रथम पोस्ट-डिस्चार्ज विवरण के बाद 240 दिनों में आवेदन जमा किए जा सकते हैं. यदि किसी आवेदन में आवश्यक जानकारी की कमी पाई जाती है, तो रोगी को लिखित रूप से सूचित किया जाएगा और आवेदन पुनः जमा करने के लिए सूचना प्राप्ति की तिथि से 30 दिन का समय दिया जाएगा. FAP की स्थिति के बारे में पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन की प्राप्ति से 30 दिनों की अवधि में बताया जाएगा. स्वीकृत होने पर FAP का स्तर 6 माह के लिए प्रभावशील होगा. FAP नीति के आधार पर घटाए जाने के बाद शेष राशि के भुगतान का दायित्व रोगी का होगा. आवेदन में सहायता के लिए Wellstar के वित्तीय परामर्शदाता आप के स्थान पर उपलब्ध हैं या रोगी द्वारा उन्हें **470-245-9998** पर कॉल किया जा सकता है. **कृपया पूर्ण आवेदनों और FAP संबंधित किसी अन्य सहायता के लिए निम्न पते पर पत्राचार करें:**

Wellstar Hospital Financial Assistance Program Application
Post Office Box 748733
Atlanta Georgia 30374